# रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे
वर्ष 13 | अंक 33 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रु.
RNI-NO.MPHIN/2015/64585

इंदौर प्रति मंगलवार, 6 जनवरी से 12 जनवरी 2026 तक


## मध्य प्रदेश के सभी कांग्रेस विधायक जुटेंगे इंदौर में, भागीरथपुरा कांड के खिलाफ न्याय यात्रा 11 को

इंदौर। भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मौतों के खिलाफ कांग्रेस ने एक निरंतर आंदोलन का ऐलान किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि जब तक नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का इस्तीफा नहीं होता, कांग्रेस आंदोलन जारी रखेगी।

### पटवारी ने विजयवर्गीय को घटनाओं का सरगना बताया

शनिवार को भागीरथपुरा में कांग्रेस नेताओं को रोकने के मामले में पटवारी ने विजयवर्गीय को सभी घटनाओं का सरगना बताया। वहीं कांग्रेस ने 11 जनवरी को भागीरथपुरा पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए न्याय यात्रा निकालने की घोषणा की है। यह यात्रा बड़ा गणपति मंदिर से राजवाड़ा तक जाएगी, जिसमें प्रदेश के सभी बड़े कांग्रेस नेता और सभी विधायक शामिल होंगे

### बैठक में कांग्रेस ने आंदोलन की रूपरेखा तय की

रविवार को गांधी भवन में आयोजित बैठक में कांग्रेस ने आंदोलन की रूपरेखा तय की। इस बैठक की अध्यक्षता पटवारी ने की, जिसमें राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी की इंदौर प्रभारी उषा नायडू, पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष शोभा ओझा, पूर्व मंत्री सज्जनसिंह वर्मा और जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। पटवारी ने इंदौर में कांग्रेसियों को रोकने की कोशिश और पुलिस के रवैये की आलोचना की। उन्होंने पदाधिकारियों से सुझाव मांगे कि आंदोलन को कैसे संचालित किया जाए। छह जनवरी को शहर के सभी 85 वार्डों में प्रमुख चौराहों पर कांग्रेस मोमबत्तियां जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करेगी।सात जनवरी को महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी के नेतृत्व में महिला कार्यकर्ता मंत्री विजयवर्गीय का इस्तीफा मांगते हुए विरोध प्रदर्शन करेंगी।






## अहमदाबाद में भव्य रूप से संपन्न हुआ
### "शान-ए-राजपूताना" सांस्कृतिक आयोजन

**अहमदाबाद। राजपूती शौर्य, संस्कृति और गरिमा को समर्पित "शान-ए-राजपूताना" कार्यक्रम का भव्य आयोजन 21 दिसंबर को अहमदाबाद के निकोल स्थित RD's फार्म में किया गया। इस भव्य आयोजन ने राजपूती संस्कृति की गौरवशाली परंपराओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।**

कार्यक्रम के आयोजक राव टिना बाईसा, प्रीतिबा झाला एवं डॉ. पोलोमी चावड़ा रहे, जिनके मार्गदर्शन में यह आयोजन अत्यंत अनुशासन, मान-मर्यादा और राजपूती गौरव के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर करीब 350 क्षत्राणियों ने सहभागिता की और राजपूती संस्कृति की विविध झलकियां प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम में तलवारबाजी, घूमर नृत्य, एवं पारंपरिक राजपूती वेशभूषा को विशेष महत्व दिया गया, जिसने दर्शकों को राजपूती शौर्य और नारी शक्ति का सशक्त संदेश दिया।

आयोजन का मुख्य उद्देश्य आने वाली पीढ़ी को राजपूती संस्कृति, परंपरा, मान-सम्मान और वीरता से परिचित कराना रहा। मंच पर प्रस्तुत प्रत्येक कार्यक्रम ने राजपूताना की ऐतिहासिक विरासत और गौरवशाली परंपराओं को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम के दौरान अनुशासन, संस्कार और संस्कृति की त्रिवेणी देखने को मिली, जिसने "शान-ए-राजपूताना" को एक प्रेरणादायी और ऐतिहासिक आयोजन बना दिया।

# बदला रियल एस्टेट ट्रेंड

### संपादकीय : 2025 में इंदौर का बदला रियल एस्टेट ट्रेंड

**इंदौर का रियल एस्टेट बाजार वर्ष 2025 में एक स्पष्ट बदलाव के दौर से गुजर रहा है। बीते वर्षों तक जहां शहर के भीतर प्लॉट, मकान और फ्लैट निवेश का पहला विकल्प माने जाते थे, वहीं अब तस्वीर बदलती नजर आ रही है। खरीदारों का बड़ा वर्ग तेजी से कृषि भूमि, फार्म हाउस और सेकंड होम की ओर रुख कर रहा है, जबकि शहर के भीतर हजारों प्लॉट और आवासीय इकाइयां आज भी खाली पड़ी हैं। यह बदलाव केवल बाजार की मंदी नहीं, बल्कि खरीदार की मानसिकता में आया संरचनात्मक परिवर्तन है।**

### आंकड़े क्या संकेत देते हैं

2025 में इंदौर में गाइडलाइन दरों में औसतन लगभग 25–30 प्रतिशत तक वृद्धि दर्ज की गई। इसके चलते शहर के कई प्रमुख इलाकों में आवासीय संपत्तियों के दाम आम मध्यमवर्गीय खरीदार की पहुंच से बाहर होते चले गए। वहीं रजिस्ट्रेशन और स्टांप ड्यूटी कलेक्शन यह दर्शाता है कि बाजार पूरी तरह ठप नहीं है, लेकिन कम संख्या में, अधिक मूल्य की डील्स हो रही हैं। इसका सीधा अर्थ है-लोग अब छोटे फ्लैट या साधारण मकान की बजाय बड़े और दीर्घकालिक निवेश को प्राथमिकता दे रहे हैं।







### फार्म हाउस की ओर झुकाव क्यों

शहर के बाहर 15 से 30 किलोमीटर के दायरे में स्थित कृषि भूमि और फार्म हाउस योजनाओं में 2025 के दौरान पूछताछ और बुकिंग में उल्लेखनीय

वृद्धि देखी गई। इसके पीछे कई कारण हैं पहला, समान बजट में शहर के भीतर जहां 1000–1200 वर्गफुट का फ्लैट मिलता है, वहीं बाहरी क्षेत्रों में हजारों वर्गफुट जमीन उपलब्ध है। दूसरा, फार्म हाउस अब केवल शौक नहीं, बल्कि सेकंड होम, रिटायरमेंट प्लान और सुरक्षित निवेश का माध्यम बन गया है। तीसरा, भीड़, ट्रैफिक और प्रदूषण से परेशान शहरी जीवन के बीच लोग हरियाली और खुली जगह की तलाश में हैं।

शहर के भीतर संपत्तियां क्यों अटकी हैं इंदौर के कई इलाकों में आज भी बड़ी संख्या में प्लॉट और फ्लैट खाली पड़े हैं। इसके पीछे प्रमुख कारण हैं—ऊंची कीमतें, ईएमआई का दबाव, निर्माण लागत में वृद्धि और निवेश के मुकाबले अपेक्षाकृत कम रिटर्न। खरीदार अब केवल "घर" नहीं, बल्कि लाइफस्टाइल और भविष्य की सुरक्षा को ध्यान में रखकर निर्णय ले रहा है।

### क्या यह खतरे की घंटी है?

यह स्थिति सरकार, डेवलपर्स और शहरी नियोजन एजेंसियों के लिए चेतावनी है। यदि शहर के भीतर आवास आम आदमी की पहुंच से बाहर होता गया और बाहरी कृषि भूमि ही एकमात्र विकल्प बनती गई, तो शहरी असंतुलन बढ़ेगा। साथ ही, बिना समुचित नियोजन के बढ़ती फार्म हाउस संस्कृति भविष्य में पर्यावरण, जल और भूमि उपयोग से जुड़े सवाल भी खड़े कर सकती है। 2025 का इंदौर यह स्पष्ट संकेत दे रहा है कि रियल एस्टेट का केंद्र अब केवल कंक्रीट की इमारतें नहीं रहीं। लोग मिट्टी, जमीन और खुली हवा की ओर लौट रहे हैं।यह ट्रेंड निवेश की नई दिशा तो दिखाता ही है, साथ ही यह भी बताता है कि शहरी विकास की नीतियों को अब सस्ती आवासीय योजनाओं और संतुलित भूमि उपयोग की ओर गंभीरता से देखना होगा। इंदौर का रियल एस्टेट खत्म नहीं हुआ है—वह बस नई सोच और नई प्राथमिकताओं के साथ आगे बढ़ रहा है।

# इंदौर में वन विज्ञान केंद्र का शुभारंभ वानिकी विज्ञान को किसानों और बाजार से जोड़ने की नई पहल

आदित्य शर्मा



इंदौर में वन विज्ञान केंद्र (Van Vigyan Kendra – VVK) का शुभारंभ भारत की वानिकी व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य वानिकी से जुड़े वैज्ञानिक शोध को सीधे किसानों, वन-आश्रित समुदायों और बाजार से जोड़ना है, ताकि लोगों की आय बढ़े, जंगल सुरक्षित रहें और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से बेहतर तरीके से निपटा जा सके। यह वन विज्ञान केंद्र सोशल फॉरेस्ट्री कार्यालय, मालवा डेमो नर्सरी परिसर, इंदौर में स्थापित किया गया है। इसे भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद (ICFRE) के मार्गदर्शन में तथा ट्रॉपिकल फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट (TFRI), जबलपुर के तकनीकी सहयोग से, इंदौर वन मंडल के सहयोग से विकसित किया गया है।

देशभर में वानिकी अनुसंधान को आम लोगों तक पहुँचाने के उद्देश्य से वर्ष 2010 से अब तक 42 वन विज्ञान केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं। इंदौर का यह केंद्र मध्य प्रदेश का तीसरा वन विज्ञान केंद्र है। मालवा क्षेत्र में कृषि और वन आधारित आजीविका का गहरा संबंध है, ऐसे में यह केंद्र किसानों और वन-आश्रित परिवारों के लिए विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगा। इस पहल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बड़गोंदा नर्सरी, महू (इंदौर) में फील्ड डेमोंस्ट्रेशन एवं सप्लाई सेंटर की स्थापना है। यहाँ से किसानों को उच्च उत्पादन देने वाले, तेजी से बढ़ने वाले और स्थानीय कृषि-जलवायु के अनुकूल पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे, जिनकी बाजार में अच्छी मांग है। किसान इन पौधों का खेत में प्रदर्शन देखकर अपनी जमीन के लिए सही प्रजाति चुन सकेंगे, जिससे जोखिम कम होगा और आय बढ़ेगी। वन विज्ञान केंद्र के माध्यम से किसानों को जल-संरक्षण आधारित वानिकी, एग्रोफॉरेस्ट्री, चारकोल उत्पादन, मशरूम की खेती, लाख पालन, तथा औषधीय पौधों की खेती और प्रसंस्करण जैसी गतिविधियों की जानकारी और प्रशिक्षण दिया जाएगा। विशेष रूप से लाख और बाँस के मूल्य संवर्धन पर जोर दिया जाएगा, ताकि किसान केवल कच्चा माल बेचने के बजाय उससे बने उत्पादों के माध्यम से अधिक आय अर्जित कर सकें। केंद्र यह भी मानता है कि केवल उत्पादन बढ़ाना पर्याप्त नहीं है। इसलिए किसानों और बाजार के बीच सीधा संपर्क स्थापित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। निजी क्षेत्र, उद्योग और संस्थागत खरीदारों के साथ संवाद बढ़ाकर उत्पादन और बाजार के बीच की दूरी को कम किया जाएगा, जिससे वन आधारित आजीविका अधिक स्थिर और लाभकारी बन सके।

इसके साथ-साथ लघु वनोपज जैसे अर्जुन की छाल, तेंदू पत्ता, चिरौंजी, पलाश, सतावर, सफेद मुसली तथा अन्य औषधीय पौधों के सतत और वैज्ञानिक संग्रह को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे एक ओर किसानों और वन-आश्रित परिवारों की आय बढ़ेगी, वहीं दूसरी ओर जंगलों का संरक्षण भी सुनिश्चित होगा। वन विज्ञान केंद्र, इंदौर में किसानों के लिए कई नई गतिविधियाँ शुरू की जाएंगी। इनमें चंदन, चिरौंजी और औषधीय पौधों पर आधारित एग्रोफॉरेस्ट्री मॉडल, तेजी से बढ़ने वाली प्रजातियों के उन्नत पौधे जैसे मेलिया डूबिया, कैजुएरिना, गमेलिना, सागौन और महोगनी, मधुमक्खी पालन, कीट नियंत्रण के लिए TFRI द्वारा विकसित ट्राइकोकार्ड तकनीक, औषधीय पौधों की हाइड्रोपोनिक खेती, तथा दुर्लभ, संकटग्रस्त एवं स्थानिक (RET) प्रजातियों के संरक्षण से जुड़े कार्य शामिल हैं। उद्घाटन कार्यक्रम 30 दिसंबर को सोशल फॉरेस्ट्री कार्यालय, मालवा डेमो नर्सरी परिसर, इंदौर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून की महानिदेशक श्रीमती कंचन देवी (भा.व.से.), मध्य प्रदेश के प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री वी. एन. अम्बाडे (भा.व.से.), अपर मुख्य सचिव, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, मध्य प्रदेश शासन श्री अशोक बर्णवाल (भा.प्र.से.), ट्रॉपिकल फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट, जबलपुर की निदेशक (प्रभारी) डॉ. (श्रीमती) नीलू सिंह, श्रीमति नंदिता बैरी, श्री पी एन मिश्रा सीसीएफ इंदौर सहित वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, सेवानिवृत्त वन अधिकारी, विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्राध्यापक, TFRI के वैज्ञानिक, पर्यावरणविद्, गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि, किसान, निजी क्षेत्र के विशेषज्ञ तथा उद्योग एवं व्यापार जगत के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। विज्ञान आधारित और बाजार से जुड़ा यह वानिकी मॉडल आने वाले समय में न केवल इंदौर और मालवा क्षेत्र, बल्कि पूरे मध्य प्रदेश और देश के लिए एक अनुकरणीय मॉडल के रूप में उभर सकता है।

## ब्रिथ एनालाइजर मशीन से की चैकिंग





सलीम हुसैन

झाबुआ। बीते वर्ष को अलविदा आने वाले वर्ष को वैलकम में लगे सभी लोगों की सुरक्षा में लगे पुलिस प्रशासन ने बड़ी शक्ति व दिल खुश मिजाज से 2 पहिया वाहनों, चार पहिया वाहनों की चैकिंग की व हिदायत भी दी जिले में नव वर्ष को वेलकम करने में लगे जिले वासियों की सुरक्षा को लेकर स्वयं झाबुआ पुलिस कप्तान डॉ शिवदयाल सिंह गुर्जर स्वयं मौके पर पहुंचे ड्यूटी पर तैनात जिले के सभी थाना क्षेत्र, चौकी क्षेत्र में स्वयं पहुंचकर रात्रि में चैकिंग की वाहन चालकों की ब्रिथ एनालाइजर से चैकिंग भी कराई गई जिले वासियों को sp झाबुआ ने नववर्ष की बधाई शुभकामनाए देते हुए संदेश भी दियाजिला मुख्यालय पर झाबुआ कोतवाली थाना प्रभारी रमेश सिंह भास्करे ने अपनी थाना क्षेत्र के पुलिस बल के साथ चैकिंग अभियान रात भर चलाया 2 कार चालक को शराब के नशे में कार ड्राइव करने पर चालान काटें।

## दिव्यांग बच्चों के बीच सेवाकार्य के साथ मंजूर बेग ने अपना जन्मदिन मनाया साधु संत रहे मौजूद

आदित्य शर्मा



इंदौर। सेवा, स्वाभिमान और आत्मसम्मान के साथ जीने वाले मंजूर बेग सर्वधर्म संघ के अध्यक्ष हैं। साल के आखिरी दिन उनका जन्मदिन आता है। जन्मदिन को वह हमेशा सार्थक सन्देश से मनाने की पहल करते हैं। आम तौर पर आधी रात को केक कटिंग के साथ जन्मदिन की पार्टी शुरू होती है। लेकिन मंजूर बेग ने अपने जन्मदिन की शुरुआत दोपहर में निराश्रित, दिव्यांग, मंदबुद्धि बच्चों की शरणस्थली नेत्रहीन आश्रम पर सेवा कार्य के साथ की। वे अपने दोस्तों-स्नेहीजनों के साथ बच्चों के लिए फल, मिठाई, कम्बल और उपहार लेकर पहुंचे। इस मौके पर आयोजित समारोह में प्रमुख रूप से शहर काजी डॉक्टर इशरत अली राष्ट्रीय संत अरूणानंद गुरुदेव महाराज, वर्धानंद गिरी महाराज वरिष्ठ पत्रकार शेखर जैन ने जन्मदिन को जरूरतमंद बच्चो के बीच मनाने की सराहना की। संस्था उपाध्यक्ष रियाज खान ने सभी का स्वागत किया। बच्चों के बीच जब केक काटा गया तो छात्रावास आश्रम की बालिकाओं ने बार-बार दिन यह आये गीत गाकर अपने अंदाज से जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इसके बाद भोजन उनके पास पहुंच मंजूर बेग व मित्रों ने आश्रम के बच्चों को अपने हाथ से भोजन परोसा।

कार्यक्रम में एजाज कुरैशी, मुकेश बजाज, गोलू शेख, यूनुस खान, सोहेल पठान, समीर बेग, याकूब खान, पत्रकार इरशाद शाह जफर खान, बाबा माहिर शाह वारसी डॉक्टर इरशाद खान मंजूर खान फैजान बैग अकबर काजी, नवीन भीलवाड़ा, शकील खान रवीश पचोरिया संजय चौहान अनिल पाल जाकिर खान आदित्य बारिया फहीम खान आदि ने मंजूर बेग का स्वागत कर उन्हें जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी। प्रारंभ में छात्रावास के मुकेश यादव सचिन राय फरदीन खान में ने स्वागत भाषण दिया कार्यक्रम का संचालन पत्रकार जाकिर खान ने किया। आभार मानते हुए मंजूर बेग ने कहा दिव्यांग बच्चों के बीच इंसानियत व मानवता का रिश्ता उन्हें यहां खींच लाया। मंजूर बेग राजनीतिक स्तर पर ही नहीं बल्कि सामाजिक स्तर पर भी रिश्तों को अपने अंदाज से जीते हैं और निभाते हैं। जन्मदिन के मौकों पर जो सुकून बड़ी महंगी पार्टियों में नहीं मिलता वह सुकून इन अभाव ग्रस्त बच्चों के बीच महसूस हुआ। आज गरीब बेसहारा यतीम के बीच जन्मदिन मना कर उन्हें कंबल साड़ी छात्रावास के बालिकाओं को स्वेटर सूट भेंट किया उनके साथ भोजन किया।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
इंदौर प्रति मंगलवार, 6 जनवरी से 12 जनवरी 2026 तक


# एमर्स क्रिकेट अकादमी प्रीमियर लीग लेदर बॉल का पॉच दिवसीय टूर्नमेंट का हुआ शुभारंभ

## खिलाड़ी टूर्नमेंट के माध्यम से अपने राजगढ़ क्षेत्र का नाम क्रिकेट में रोशन करें - अश्विनी दीक्षित स्पोर्ट्स ऑफिसर

**दिलीप पाटीदार**




राजगढ़ आज एमर्स क्रिकेट अकैडमी राजगढ़ के तत्वाधान में पांच दिवसीय क्रिकेट प्रीमियर लीग लेदर बॉल टूर्नमेंट का शुभारंभ हुआ . जिसके मुख्य अतिथि श्री अश्विनी दीक्षित (pti) विकास खंड योग प्रभारी सरदारपुर, विशेष अतिथि श्री दीपक जैन उपाध्यक्ष नगर परिषद राजगढ़ एवं श्री दिलीप वागरेचा क्रिकेट प्रेमी द्वारा ध्वजारोहण एवं मैदान का पूजन कर शुभारंभ किया. सर्वप्रथम अतिथि देवो भवः के तहत अतिथियों का पुष्पमाला और स्मृति चिन्ह से स्वागत किया गया अतिथियों द्वारा मशाल प्रज्वलित कर स्टेट लेवल प्लेयर को मशाल सोंपी . खिलाड़ियों ने पूरे ग्राउंड में घूम कर बड़ी मशाल को प्रज्वलित किया . टूर्नमेंट में कुल 10 टीमें भाग ले रही है . पूरी प्रतियोगिता लेदर बॉल से खेली जाएगी ! प्रतियोगिता 5 दिनों तक लगातार होगी .अतिथियों द्वारा दोनों टीमों के बीच टॉस कर मैच का शुभारंभ भी किया . अतिथियों ने अतिथि उद्बोधन में सभी खिलाड़ियों को एक नए लक्ष्य को प्राप्त करने का आशीर्वाद दिया और क्रिकेट के माध्यम से अपने प्रदेश का नाम गौर्बान्वित करने को कहा गया . कार्यक्रम के कोच देव परमार एवं कुंदन मादड़ द्वारा पूरी प्रतियोगिता का संचालन किया जा रहा है।

# ग्राम बावड़ी बड़ी में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित



झाबुआ विकासखंड के ग्राम बावड़ी बड़ी में आयोजित वित्तीय साक्षरता शिविर का निरीक्षण अग्रणी जिला प्रबंधक श्री मुहम्मद अल्ताफ द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान शिविर में ग्रामीणों को वित्तीय साक्षरता एवं बैंकिंग के महत्व की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शिविर में ग्रामीणों को बजट निर्माण, सूक्ष्म बचत का महत्व, ऋण लेने की प्रक्रिया, सिबिल स्कोर का महत्व, सरकारी योजनाओं की जानकारी, शिकायत निवारण प्रणाली, डिजिटल लेन-देन, ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव, सामाजिक सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन योजना सहित बैंकों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। अग्रणी जिला प्रबंधक अल्ताफ द्वारा ग्रामीणों के साथ बैंकिंग परिचालन के दौरान आने वाली समस्याओं पर भी चर्चा की गई तथा उनके समाधान के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाना एवं उन्हें सुरक्षित एवं जागरूक बैंकिंग व्यवहार के प्रति प्रेरित करना रहा। शिविर में स्वधार संस्था से जिला प्रबंधक झाबुआ, सीएफएल इंचार्ज कन्यामोरी, विमलेश बिलवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से मुलाकात में संगठन मजबूती पर चर्चा

**रणजीत टाइम्स - जगदीश पाल**

शिवपुरी/पिछोर-नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ठाकुरदास लोधी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों को उनके नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। बैठक के दौरान संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका और आगामी रणनीतियों को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर तक सक्रियता, अनुशासन और जनसंपर्क आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि जनसमस्याओं को प्राथमिकता से उठाते हुए पार्टी की नीतियों को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए। ब्लॉक अध्यक्ष ठाकुरदास लोधी ने नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने का संकल्प व्यक्त किया। इस दौरान प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान, जिला कांग्रेस अध्यक्ष पुरुषोत्तम रावत के नेतृत्व में अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।



# कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

## 1 जनवरी से झाबुआ शहर एवं चयनित नगरीय क्षेत्र में हेलमेट अनिवार्य करने का निर्णय

झाबुआ, 29 दिसम्बर कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH) की गाइडलाइन अनुसार ब्लैक स्पॉट, सड़क दुर्घटनाओं, चालानी कार्यवाहियों एवं हिट एंड रन प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अवगत कराया गया कि मंत्रालय के मानकों के अनुसार विगत तीन वर्षों की दुर्घटना जानकारी के आधार पर वर्ष 2025 में ग्राम बोरवा गट्टू घाटी (कुशलगढ़ मार्ग) एवं छापरी फाटा थाना कालीदेवी को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित किया गया है। जनवरी से जून 2025 के बीच हुई दुर्घटनाओं के स्थानों का विश्लेषण कर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही एवं नए ब्लैक स्पॉट की पहचान पर भी चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि वर्ष 2025 में अब तक 1003 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें 214 व्यक्तियों की मृत्यु हुई एवं 1289 घायल हुए है। इनमें से 620 दुर्घटनाएं दोपहिया वाहनों से संबंधित रहीं तथा कुल 23462 चालानी कार्यवाहियां की गईं। हेलमेट न पहनने के कारण हुई मौतों के परिप्रेक्ष्य में हेलमेट जागरूकता अभियान को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। साथ ही समिति के द्वारा 1 जनवरी 2026 से झाबुआ शहर के साथ एक अन्य नगरीय क्षेत्र का चुनाव कर हेलमेट अनिवार्य किये जाने का निर्णय लिया गया। चालानी कार्यवाहियों में परिवहन विभाग द्वारा 4770 चालान एवं 38 ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की गयी। हिट एवं रन प्रकरणों के संबंध में वर्ष 2025 के 13 प्रकरणों की समीक्षा की गयी। नई योजना के अनुसार हिट एंड रन में मृत्यु पर 2,00,000 तथा घायल होने पर 50,000 मुआवजा का प्रावधान है। बैठक में राहवीर योजना के अंतर्गत 2 प्रकरणों की समीक्षा भी की गई। साथ ही सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत विभिन्न चौराहों एवं सड़कों की मरम्मत, रंबल स्ट्रिप्स एवं साइनबोर्ड लगाने के प्रस्तावों पर की गई कार्यवाही पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर नेहा मीना ने आगामी बैठक में सड़क सुरक्षा से संबंधित अन्य सुधारात्मक कार्यवाहियों के चिन्हांकन के निर्देश दिए, ताकि चिन्हित बिंदुओं पर प्रभावी कार्यवाही की जा सके। उन्होंने स्कूली छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक मित्र के रूप में जोड़ते हुए यातायात जागरूकता के प्रयासों को सशक्त करने तथा इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए। साथ ही सड़क सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने हेतु उपयुक्त स्थानों के चिन्हांकन के निर्देश प्रदान किए। पुलिस अधीक्षक डॉ. शिवदयाल सिंह ने निर्देशित किया कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु ब्लैक स्पॉट्स के चिन्हांकन के लिए अन्य स्थानों का चयन किया जाए। उन्होंने कहा कि चालानी कार्यवाही मुख्य सड़कों पर प्राथमिकता के साथ की जाए तथा नववर्ष के दौरान दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम करने के लिए चालानी कार्यवाही को और अधिक सख्त एवं प्रभावी बनाया जाए। इस दौरान अपर कलेक्टर सी. एस. सोलंकी, एसडीओपी झाबुआ रूपरेखा यादव एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# कड़ाके की सर्दी में अलाव ही आख़िरी सहारा, शिवपुरी में नपा की चुप्पी बनी सवाल



**ऋषि गोस्वामी**

शिवपुरी में इस समय हालात बेहद चिंताजनक हैं। बर्फीली ठंड और तेज सर्द हवाओं ने जनजीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया है। रात होते ही तापमान तेजी से गिर रहा है, लेकिन आम नागरिकों के लिए राहत के नाम पर सिर्फ़ अलाव ही एकमात्र सहारा बने हुए हैं। हैरानी की बात यह है कि इतनी गंभीर स्थिति के बावजूद नगर पालिका प्रशासन पूरी तरह मौन है। न तो सार्वजनिक स्थानों पर पर्याप्त अलाव की व्यवस्था की गई है, न ही गरीब, मजदूर और बेघर लोगों के लिए किसी ठोस इंतज़ाम की घोषणा। बस स्टैंड, अस्पतालों के बाहर, रेलवे स्टेशन और बाजार क्षेत्रों में लोग ठंड से ठिठुरते हुए अलाव के आसपास रात गुजारने को मजबूर हैं। प्रशासन की यह चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। क्या नपा ठंड के इस प्रकोप का इंतज़ार कर रही है कि हालात और बिगड़ें? हर साल सर्दी आती है, फिर भी न तो कोई पूर्व तैयारी दिखती है और न ही संवेदनशीलता। शिवपुरी की जनता अब पूछ रही है—क्या नगर पालिका सिर्फ़ काग़जों में ही सक्रिय है? जब आमजन ठंड से जूझ रहा है, तब जिम्मेदारों की निष्क्रियता किसी अपराध से कम नहीं।

# एशियन वॉटरबर्ड सर्वे 2026: इंदौर के वेटलैंड की पारिस्थितिकी मूल्यांकन

**आदित्य शर्मा**

इंदौर जिले में 3 और 4 जनवरी को आयोजित एशियन वॉटरबर्ड सर्वे (AWC) 2026 से यह साफ हुआ है कि शहर और आसपास के कई तालाब अभी भी पक्षियों के लिए अनुकूल हैं, लेकिन कुछ जलस्रोतों पर बढ़ता दबाव चिंता का विषय है। यह सर्वे केवल पक्षियों की गिनती नहीं था, बल्कि तालाबों और जलाशयों की पर्यावरणीय स्थिति को समझने का एक वैज्ञानिक प्रयास भी था।

जिले के 19 तालाबों और जलाशयों में सर्वे इस वर्ष इंदौर वन मंडल के अंतर्गत 19 तालाबों, झीलों और जलाशयों में सर्वे किया गया। इनमें सिरपुर झील, बिलावली तालाब, तलावली चांदा, काला कुंड, माचल जलाशय, लेक व्यू (महू) और यशवंत सागर जैसे प्रमुख जलस्रोत शामिल थे। इसके अलावा मानपुर, चोरल और देपालपुर क्षेत्र के ग्रामीण और वन सीमा से जुड़े तालाबों—जैसे बनेडिया, बेला तालाब, बेरचा तालाब, मांगली तालाब/चोरल डैम, मांडवदेव, बड़गोंदा-नखेरी डैम, भुरनखेड़ी और नाहर खाड़ी—में भी सर्वे किया गया। ये सभी जलस्रोत मिलकर पक्षियों के लिए एक महत्वपूर्ण नेटवर्क बनाते हैं।

पक्षियों की विविधता ने बताई तालाबों की स्थिति- सर्वे के दौरान स्थानीय और प्रवासी जलपक्षियों की कई प्रजातियाँ दर्ज की गईं। इनमें गर्गेनी,



नॉर्दर्न शोवलर, रुडी शेलडक, एशियन ओपनबिल, सारस, ग्रेट कॉर्मोरेंट, रिवर टर्न, ब्लैक विंग्ड स्टिल्ट, रेड वॉटल्ड लैपविंग, पाइड किंगफिशर, व्हाइट थ्रोटेड किंगफिशर, पर्पल हेरॉन, रोजी स्टार्लिंग और पाइड स्टार्लिंग प्रमुख रहीं। मांगली तालाब, मांडवदेव और नखेरी डैम जैसे स्थानों पर पक्षियों की अच्छी संख्या यह दर्शाती है कि जहां पानी, वनस्पति और मानवीय गतिविधियां संतुलित हैं, वहां पक्षी टिके हुए हैं। छोटे तालाबों में भी अच्छी संख्या में पक्षी मिले, जिससे स्पष्ट है कि तालाब का आकार नहीं, उसकी गुणवत्ता ज्यादा महत्वपूर्ण है।

तालाबों की हालत पर अहम संकेत- पक्षी गिनती के साथ-साथ पानी की उपलब्धता, किनारों की स्थिति, वनस्पति और मानवीय हस्तक्षेप का भी आकलन किया गया। कुछ तालाबों—जैसे यशवंत सागर और चोरल क्षेत्र—में स्थिति संतोषजनक पाई गई, जबकि सिरपुर झील में खुले पानी की कमी, जलकुंभी का अत्यधिक फैलाव, पानी की गुणवत्ता में गिरावट और बढ़ता मानव दबाव देखा गया। कुछ जगहों पर अतिक्रमण, मछली पकड़ने के जाल और पक्षियों के आराम स्थलों में बाधा भी दर्ज की गई।

नागरिक सहभागिता से मजबूत हुआ सर्वे- इस सर्वे में 50 से अधिक प्रशिक्षित पक्षी प्रेमियों और स्वयंसेवकों ने वन विभाग के कर्मचारियों के साथ भाग लिया। सभी पक्षियों की जानकारी ई-बर्ड ऐप पर दर्ज की गई और तालाबों की स्थिति से जुड़ा डेटा अलग फॉर्म में भरा गया, जिससे जानकारी विश्व स्तर पर उपयोग योग्य बनी।

आगे की दिशा- सर्वे से स्पष्ट है कि इंदौर के तालाब अभी भी जीवित पारिस्थितिकी तंत्र हैं, लेकिन उन्हें बचाने के लिए निरंतर प्रयास जरूरी हैं। इसके लिए:

-हर साल तालाबों की नियमित निगरानी

-शहरी योजना में तालाबों को प्राथमिकता

-सिरपुर जैसे प्रभावित तालाबों में सुधार कार्य

-छात्रों और स्थानीय लोगों की भागीदारी बढ़ाना जरूरी है।

प्रिंट और डिजिटल रिपोर्ट तैयार- एशियन वॉटरबर्ड सर्वे 2026 के आधार पर इंदौर जिले की एक विस्तृत रिपोर्ट प्रिंट और डिजिटल दोनों स्वरूपों में तैयार की जा रही है, जिसमें पक्षियों का डेटा, तालाबों की स्थिति, नक्शे और फोटोग्राफ शामिल होंगे।

# इंदौर सिल्वर पार्क में ड्रेनेज संकट

**सह सम्पादक दीपक वाड़ेकर**

## बिल्डर की लापरवाही से सड़कों पर भरा गंदा पानी, बीमार पड़ रहे रहवासी; SDM ने दिए सख्त कार्रवाई के आदेश

इंदौर। ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाली सिल्वर पार्क कॉलोनी में ड्रेनेज व्यवस्था की बदहाली को लेकर शुक्रवार को रहवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। कॉलोनी की सड़कों पर महीनों से जमा गंदे ड्रेनेज पानी और उससे फैल रही बदबू व बीमारियों से परेशान लोगों ने मीडिया के सामने प्रशासन और बिल्डर के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। अधिकारियों के सामने फूटा रहवासियों का आक्रोश रहवासियों की शिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुए SDM, पटवारी उमेश बाथम, एवं ग्राम सरपंच सत्यनारायण बोड़ाना मौके पर पहुंचे। कॉलोनीवासियों ने अधिकारियों को बताया कि ड्रेनेज सिस्टम पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है। सड़कों पर जमा गंदे पानी के कारण आवागमन बाधित हो रहा है, वहीं कई घरों में सीपेज, दुर्गंध और मच्छरों की भरमार से हालात बदतर हो गए हैं।




### बिल्डर की लापरवाही उजागर

रहवासियों का आरोप है कि कॉलोनी के बिल्डर तरणजीत नारंग को बार-बार अवगत कराने के बावजूद ड्रेनेज सुधार को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। परिणामस्वरूप कॉलोनी में बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं की तबीयत लगातार बिगड़ रही है। संक्रमण और मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

### प्रशासन का सख्त रुख

मौकेपरस्थितिकीगंभीरताकोदेखतेहुएSDMने: मौके पर ही पंचनामा तैयार करवाया बिल्डर तरणजीत नारंग के खिलाफ तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए पटवारी और पंचायत सचिव को स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए SDM ने स्पष्ट किया कि रहवासियों के स्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। रहवासियों की चेतावनी सिल्वर पार्क के रहवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही ड्रेनेज लाइन दुरुस्त नहीं की गई तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से फिलहाल लोगों में उम्मीद जगी है, लेकिन कॉलोनी की यह नारकीय स्थिति कब तक सुधरेगी—यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा।

# बच्चों के चहुंमुखी विकास में सहजयोग की भूमिका विश्व भर में प्रमाणित है







ध्यान द्वारा विश्व भर में अनेकानेक लोगों ने मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को प्राप्त किया है। सहजयोग पद्धति द्वारा लोगों के समाजिक व आध्यात्मिक उत्थान के भी अनेक उदाहरण उपलब्ध हैं ।

**प्रश्न उठता है सहजयोग क्या है?**

सहजयोग श्री माताजी निर्मला देवी जी द्वारा प्रति- स्थापित एक सहज ध्यान पद्धति है जिसमें कुण्डलिनी जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार की प्राप्ति होती है। तत्पश्चात् नियमित ध्यान- धारणा द्वारा मानव शरीर में स्थिति चक्रों व नाड़ियों को संतुलन प्राप्त होता है। यही संतुलन हमें अर्थ अन्तर्परिवर्तन की ओर अग्रसर करता है। शनैः शनैः बिना किसी बाहरी दबाव व प्रेरणा के 'हमारे विचारों, जीवन मूल्यों, में परिवर्तन आने लगता है, सही व गलत स्वयं ही सहज में हमारे समक्ष प्रकट होने लगता है। जैसे-जैसे हम सहजयोग में दृढ़ होते जाते हैं सारे प्रेम व आनन्द के मायने बदलते जाते हैं। माया जो कि जीवन में अभाव का दूसरा नाम है हमें प्रभावित नहीं कर पाती। आत्मा का ज्ञान ज्यों ही हमारी मध्य नाड़ी तंत्र को प्रकाशित करता है व हमारी शाश्वत शक्ति, कुण्डलिनी ब्रह्मरंध्र का भेदन करती है तो हमारा संबंध चैतन्य के रूप में प्रवाहित परम पिता की ऊर्जा से हो जाता है। अतः सहजयोग ऊर्जा का विज्ञान है। सहजयोग आत्मा के परमात्मा से लय होने की प्रक्रिया है। शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य की प्राप्ति इस प्रक्रिया का सह उत्पाद है। आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करने की कोई आयु नहीं होती और इसमें सांसारिक जीवन का त्याग नहीं होता है। यदि सहजयोग का परिचय बालपन में ही दिया जाए तो बच्चों का चहुंमुखी विकास सहज ही में हो जाता है। वे एकाग्रता, अनुशासन, तीव्र स्मरणशक्ति, व शैक्षणिक व व्यवसायिक सफलता को सहज ही में प्राप्त करने योग्य बन जाते हैं। किसी भी परिस्थिति में अनैतिकता उन्हें छू भी नहीं पाती क्योंकि स्वयं पावित्र्य के प्रतीक श्री गणेश आत्मसाक्षात्कार के पश्चात् उनके भीतर जागृत हो जाते हैं।

इस प्रकार सहजयोग प्रत्येक आयु वर्ग, प्रत्येक धर्म तथा महिला व पुरुष दोनों के लिए परमशक्ति से एकाकारिता का अनमोल माध्यम है। सहजयोग पूर्णतया निःशुल्क है। सहजयोग से संबंधित जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 18002700800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं।

# नव वर्ष द्योतक है, परिवर्तन, प्रगति और विकास का

संपूर्ण विश्व इस समय नव वर्ष के उल्लास से ओतप्रोत है। प्रत्येक व्यक्ति नई ऊर्जा, नए संकल्पों के साथ नव वर्ष का स्वागत करना चाहता है और यह उत्साह होना ही चाहिए। पर इस वर्ष एक संकल्प स्वयं से स्वयं की पहचान का भी किया जाना चाहिए।जैसा कि सहजयोग संस्थापिका श्री माताजी निर्मला देवी जी ने अपनी अमृतवाणी में वर्णित किया है कि, "....जीवन एक चक्र है। यदि चक्र नहीं है तो जीवन भी नहीं है और चूंकि चक्र शुरू होता है, इसलिए एक नए साल की शुरुआत भी करनी पड़ती है। जीवन है तो प्रकृति में भी परिवर्तन देखा होगा। ऐसा ही होना है क्योंकि अगर बीज को विकसित होना है तो उसे वृक्ष बनना है, वृक्ष को फल बनना है, और फलों को बीज बनना है। परिवर्तन हर समय होता है और परिवर्तन प्रगति, विकास, जीवन को ही दर्शाता है।



इसलिए, जीवन की कविता हर समय खुद को, अपने मिजाज, अपने स्वर को तब तक बदलती रहती है, जब तक कि वह उस बिंदु तक नहीं पहुंच जाती जहां उसे लगता है कि वह अपनी सुंदरता को अपने पूरे तरीके से प्रकट कर सकती है। और वह समय आज आ गया है क्योंकि यह आत्मज्ञान का युग है और इसलिए ज्ञान को आना ही है। हमें यह समझना होगा कि यह जीवन इस प्रकार क्यों बना है, वे कौन-सी अंतर्धाराएँ हैं जिन्होंने इस जीवन का निर्माण किया है। हम यहां कैसे हैं? ये अंडरकरंट्स हमारे भीतर कैसे काम करते हैं? ये केंद्र और चक्र, जिन्हें नग्न आंखों से नहीं देखा जा सकता, कैसे कार्य कर रहे हैं? अब लोगों ने इसके बारे में लिखा है, इसके बारे में बात की है, इसके बारे में कहा है लेकिन किसी ने इसे महसूस नहीं किया है। तो, यह आत्मज्ञान का युग है जहाँ आप उन्हें महसूस करते हैं, जहाँ आप समझते हैं कि वे आपके भीतर न केवल मानसिक रूप से मौजूद हैं बल्कि आपके भीतर एक वास्तविक अनुभव की तरह भी मौजूद हैं।"

(प पू श्री माताजी, 1 जनवरी 1978) इस वास्तविकता का साक्षात् सहजयोग ध्यान द्वारा अत्यंत ही सरलता से किया जा सकता है। इस नवीन वर्ष में स्वयं को आत्मज्ञान का उपहार प्रदान करने का संकल्प लें। सहजयोग ध्यान का आनंद और अनगिनत लाभ लेने हेतु आप जानकारी टोल फ्री नं – 1800 2700 800 अथवा यूट्यूब चैनल – लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं।






# इंदौर के सुदामा नगर क्षेत्र में दिगंबर जैन समुदाय द्वारा उद्यान की जमीन पर अवैध भवन निर्माण का किया जा रहा है कार्य





**पत्रकार खुशबू श्रीवास्तव**

इंदौर शहर की सबसे बड़ी कॉलोनी कहलाने वाली सुदामा नगर सेक्टर A में एक ऐसा कारनामा सामने आया है जहां दिगंबर जैन समाज के लोगों द्वारा सरकारी उद्यान की जमीन पर कब्जा कर भवन निर्माण बड़ी तेज गति से किया जा रहा है रहवासियों के मुताबिक यह कॉलोनी में एक सरकारी बगीचा हुआ करता था जहां दिगंबर जैन समाज के लोगों द्वारा कब्जा कर लिया गया और वहां पर अवैध भवन निर्माण कार्य किया जा रहा है जब इस बात की जानकारी मीडिया को लगी तो मीडिया सच्चाई जानने सुदामा नगर पहुंची जहां रहवासियों के साथ बातचीत करने पर बताया गया की यहाँ एक बगीचा था उसको हटा के ये निर्माण किया जा रहा है जब जैन मंदिर मे मौजूद परमानंद मोदी जी से चर्चा की तो उन्होंने बताया की शिक्षक कल्याण समिति द्वारा उन्हें ये आवंटन की गई है जिसका निर्माण जैन समाज के साधु संत के लिए किया जा रहा है। वही जब शिक्षक कल्याण समिति के अध्यक्ष श्यामसुंदर सिंह राठौड़ से जब मीडिया ने चर्चा की तो पूरा मामला फर्जी बताया गया राठौर ने यहां तक कहा कि संस्था ऐसा किसी प्रकार का आवंटन नहीं देती जिसमें ना तो पंजीयन क्रमांक है ना ही सदस्यता क्रमांक है और कौन सा भूखंड इनको दिया गया है उसका भी कोई नंबर अंकित नहीं है सूत्रों की माने तो यहां पर एक पुराना कुआं हुआ करता था जहां पर जैन संत आकर उसे कुएं के पानी से अपना भोजन बनाते थे लेकिन अब हालात यहां है कि यहाँ पर देखने को मिला है कि कुएं के ऊपर शौचालय का निर्माण कर दिया गया है अब देखना यहां है क्या नगर निगम विभाग,कलेक्टर विभाग दिगंबर जैन समाज के हो रहे अवैध निर्माण को लेकर कार्यवाही करेगी या नहीं।

# शासकीय भूमि से हटाया गया अवैध अतिक्रमण भू-माफियाओं के विरुद्ध प्रशासन की बड़ी कार्यवाही




**गोलू यादव**

जिला प्रशासन के निर्देशानुसार तहसील चंदेरी अंतर्गत ग्राम प्राणपुर में भू-माफियाओं एवं अवैध अतिक्रमणकर्ताओं के विरुद्ध प्रशासन द्वारा सख्त एवं निर्णायक कार्यवाही की गई। भूमि सर्वे क्रमांक 94, रकबा 0.042 है, शासकीय कुंआ की शासकीय भूमि पर मोहम्मद तौफीक पुत्र सलीम खान जाति मुसलमान द्वारा लगभग 60 वर्ग फीट क्षेत्र में दुकान निर्माण कर अबैध रूप से अतिक्रमण किया गया था।उक्त अतिक्रमण के संबंध में प्रशासन द्वारा पूर्व में 19 दिसम्बर 2025 को विधिवत कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। निर्धारित समयावधि तक संबंधित व्यक्ति द्वारा कोई भी संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके पश्चात मंगलवार को प्रशासन ने कड़े कदम उठाते हुए जेसीबी मशीन के माध्यम से मौके पर पहुंचकर अवैध अतिक्रमण को हटवाया। यह संपूर्ण कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) श्री मनीष धनगर के निर्देशन एवं तहसीलदार श्री दिलीप दरोगा के नेतृत्व में संपन्न की गई। कार्रवाई के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रशासनिक अमले की मौजूदगी सुनिश्चित की गई। प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि शासकीय भूमि पर अप्रैध कब्जा करने वाले भू-माफियाओं के विरुद्ध किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी। जिले में संचालित माफिया विरोधी अभियान के अंतर्गत आगे भी इसी प्रकार की सख्त और निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे शासकीय भूमि पर अतिक्रमण न करें तथा यदि कही अवैध कब्जा हो तो उसकी सूचना प्रशासन को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## दर्दनाक घटना

मंदसौर। शहर में नववर्ष की पूर्व संध्या पर एक दर्दनाक घटना हो गई। गोल चौराहा क्षेत्र में दिलीप एजेंसी के संचालक व उनकी पत्नी की हत्या कर दी गई। बाद में आरोपित ने खुद को भी गोली मार ली। सूत्रों के अनुसार विवाद सोने-चांदी की खरीदी को लेकर बताया जा रहा है। अभी मृतक के स्वजन बाहर होने से ज्यादा जानकारी भी नहीं मिल पाई है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम को शहर भर में थर्टी फर्स्ट के कार्यक्रमों की तैयारी चल रही थी। इसी दौरान गोल चौराहा क्षेत्र में सिंधु आराधना मंदिर वाली गली में रहने वाले दिलीप आटो एजेंसी के संचालक के घर गोली मारने की घटना हो गई।

यहां रात लगभग 8:30 बजे 60 वर्षीय दिलीप पुत्र ज्ञानमल छिंगावत जैन व उनकी पत्नी रेखा जैन की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसके बाद हमलावर ने बाहर भागने की कोशिश की पर तब तक गोली की आवाज सुनकर लोग एकत्र होने लगे तो उसने अंदर जाकर खुद को भी गोली मार ली। हमलावर का नाम की पुष्टि करने में पुलिस अधिकारी लगे हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार उसका नाम विकास सोनी निवासी निम्बाहेड़ा बताया जा रहा है। गोली चालन की सूचना मिलते ही बास ही सरदार पटेल चौराहे पर चेकिंग में लगे कोतवाली टीआई पुष्पेंद्रसिंह राठौर भी घटना स्थल पर पहुंच गए। बाद में एसपी विनोदकुमार मीना भी मौके पर पहुंचे। अभी तीनों के शव घर में ही है और पुलिस व फोरेंसिंक एक्सपर्ट जांच कर रहे हैं। एसपी विनोद कुमार मीना ने बताया कि तीनों की मौत हो गई है पर क्या विवाद हुआ और घटना क्यों हुई इसकी जांच के बाद ही पता चलेगा।

## जेन्युइन नशा मुक्ति केंद्र ने आरोपों को बताया निराधार, पीड़ित खुद आया मीडिया के सामने

**राजेश धाकड़**

**ठीक होने के बाद भी परिजन नहीं लेने आ रहे, फीस से बचने का आरोप**

इंदौर। सिद्धार्थ नगर, भंवरकुआ में संचालित जेन्युइन नशा मुक्ति केंद्र पर लगाए गए बंधक बनाने के आरोपों को केंद्र प्रबंधन ने सिरे से खारिज किया है। केंद्र के संचालक व समाजसेवी तथा शिवसेना पदाधिकारी परमजीत सिंह मैकेन ने बुधवार को मीडिया को आमंत्रित कर केंद्र की गतिविधियों की जानकारी दी और आरोप लगाने वाले परिवार के पीड़ित सदस्य से भी सीधी बातचीत करवाई। मैकेन ने बताया कि वे पिछले करीब तीन वर्षों से सिद्धार्थ नगर क्षेत्र में जेन्युइन नशा मुक्ति केंद्र का संचालन कर रहे हैं। इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों व काउंसलरों की टीम के सहयोग से सैकड़ों लोगों को नशे की लत से मुक्त कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा गया है कि मरीज के पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद भी कई परिजन उसे घर ले जाने में रुचि नहीं दिखाते।

आठ माह से नहीं आए परिजन- केंद्र प्रबंधन के अनुसार हाल ही में नशे से मुक्त हो चुका एक युवक पिछले आठ माह से स्वास्थ्य लाभ की स्थिति में है, लेकिन उसके परिजन उसे लेने नहीं आए। उल्टा, परिजनों ने केंद्र पर युवक को बंधक बनाए रखने जैसे गंभीर और झूठे आरोप लगाए। मैकेन का कहना है कि वास्तविकता यह है कि मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ है और स्वयं घर लौटना चाहता है।

,मीडिया के सामने आया पीड़ित- बुधवार को पीड़ित युवक ने मीडिया के समक्ष स्पष्ट कहा कि वह अपनी मर्जी से केंद्र में उपचाररत रहा, उसे किसी प्रकार से बंधक नहीं बनाया गया और अब वह स्वस्थ महसूस कर रहा है। उसने यह भी बताया कि वह घर जाना चाहता है, लेकिन उसके परिजन उसे लेने नहीं आ रहे हैं।

फीस से बचने की मंशा का आरोप- केंद्र संचालक ने आरोप लगाया कि संबंधित परिवार अब केंद्र की निर्धारित फीस का भुगतान नहीं करना चाहता, इसलिए निराधार आरोप लगाए जा रहे हैं। मैकेन ने कहा कि केंद्र पूरी तरह नियमों के अनुसार संचालित है और किसी भी तरह की जांच या सत्यापन के लिए वे प्रशासन व मीडिया के समक्ष पूर्ण रूप से सहयोग को तैयार हैं। केंद्र प्रबंधन ने अपील की कि नशा मुक्ति जैसे संवेदनशील विषय पर बिना तथ्यों की जांच के आरोप न लगाए जाएं, ताकि समाज में सकारात्मक कार्य कर रहे संस्थानों की छवि धूमिल न हो।



# राष्ट्रीय बास्केटबाल प्रतियोगिता के लिए शुभांशी अग्रवाल का चयन

प्रदीप सिंह बघेल

शहडोल- बास्केटबाल कोच श्री के.के. श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि 11 जनवरी से 15 जनवरी तक छत्तीसगढ़ प्रदेश के राजनादगांव में आयोजित होने वाली 17वर्षीय राष्ट्रीय बास्केटबाल प्रतियोगिता के लिए शहडोल की रहने वाली शुभांशी अग्रवाल का चयन मध्यप्रदेश की टीम में किया गया है। उन्होंने बताया कि चयनित खिलाड़ी शुभांशी अग्रवाल 4 जनवरी से 7 जनवरी तक गुना में आयोजित होने वाले प्री नेशनल कोचिंग कैंप में भाग लेंगी। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर माह में गुना में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शहडोल संभाग की टीम ने क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया था। इसी क्वार्टर फाइनल मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर कुमारी शुभांशी अग्रवाल का चयन मध्य प्रदेश 17 वर्ष बालिका टीम में किया गया है।



# इंदौर के प्राचीन अन्नपूर्णा माता मंदिर परिसर में शिव महापुराण का आयोजन किया जा रहा है



पत्रकार खुशबू श्रीवास्तव

अन्नपूर्णा माता मंदिर परिसर में दिनांक 26 दिसंबर से शिव महापुराण का आयोजन पंडित बृज किशोर शास्त्री राधे-राधे द्वारा शिव महापुराण श्रवण कराई जा रही है इसी कड़ी में कल भगवान शिव की बारात का विशेष प्रसंग इस महापुराण में देखने को मिला जहां भारी संख्या में माता बहने बुजुर्ग इस महापुराण का आनंद लेने के लिए मंदिर परिसर में उपस्थित हुए पंडित शास्त्री ने मीडिया शिव चर्चा करते हुए कहा कि आज के युग में जिस प्रकार से नवयुवा नशे के उसमें को रहा है मैं यही चाहता हूं कि भगवान की भक्ति करें सुबह-शाम मंदिर में जाए और अपना ध्यान भगवान के ऊपर रखें क्योंकि शिव ही एक ऐसा स्रोत है जो मनुष्य की हर समस्या का हाल करता है ऐसे ही आयोजन में कई जगह पर करता आया हूं और आगे भी इसी प्रकार का आयोजन करते रहूंगा।

# नववर्ष के अवसर पर आबकारी विभाग द्वारा ढाबों एवं बारों की की गई जांच!

पत्रकार खुशबू श्रीवास्तव



कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से कलेक्टर महोदय श्री शिवम् वर्मा, सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के निर्देशानुसार ,कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी के आदेशानुसार दिनांक 30.12.2025 को आबकारी विभाग द्वारा ढाबों एवं बारों की सघन जांच की गई। जांच अभियान के दौरान महाराजा ढाबा राऊ बायपास,दीपश्री ढाबा की जांच की गई । उक्त कार्यवाही में कुल 17 बल्क लीटर माल्ट व 21.6 बल्क लीटर स्पिरिट जब्त की गई जिसकी कीमत लगभग 32620 रुपए होना पाया गया है ।ढाबा संचालकों एवं शराब पीने वालो पर आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क,36(a) ,36(b) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किए गए ।आज की कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री धर्मेंद्र जोशी ,श्री जहांगीर ख़ान ,श्री सी के साहू , आबकारी उपनिरीक्षक मीरा सिंह , जया मुजाल्दे की टीम द्वारा की गई । अभियान का उद्देश्य नववर्ष के दौरान अवैध मदिरा की बिक्री, अनियंत्रित शोर एवं अनुशासनहीन गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। यह जांच अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# महिला सुरक्षा की दिशा में अशोकनगर पुलिस की संवेदनशील पहल, बुजुर्ग महिला को संरक्षण प्रदान कर 'अपना घर आश्रम शिवपुरी' भेजा गया''

गोलू यादव



पुलिस अधीक्षक अशोकनगर श्री राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अशोकनगर पुलिस द्वारा लोक कल्याण, मानवीय संवेदनाओं के आलोक में आमजन की सुविधा, सुरक्षा एवं महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अभिनव एवं सराहनीय पहल निरंतर जारी है। इसी क्रम में दिनांक 29.12.2025 की सायंकाल अशोकनगर क्षेत्र में एक मानसिक रूप से कमजोर बुजुर्ग महिला के भटकते हुए पाये जाने की सूचना प्राप्त हुई। बुजुर्ग महिला न तो अपना नाम पता बता पा रही थी और ना हि उसकी भाषा स्पष्ट रूप से समझ में आ रही थी, जिससे उसकी पहचान एवं परिजनों की जानकारी प्राप्त करना संभव नहीं हो सका। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर श्री राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली निरी० रवि प्रताप सिंह चौहान द्वारा थाना स्तर पर महिला से लगातार संवाद कर उसका नाम, पता एवं परिजनों की जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया गया, किंतु महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण कोई भी जानकारी देने में असमर्थ रही। रात्रि हो जाने के कारण महिला की सुरक्षा एवं उचित देखभाल सुनिश्चित करने हेतु उसे वन स्टॉप सेंटर में सुरक्षित रूप से ठहराया गया, जहाँ महिला को आवश्यक देखभाल, भोजन एवं संरक्षण उपलब्ध कराया गया।

दिनांक 30.12.2025 को महिला की सुरक्षा, काउंसलिंग, उपचार एवं परिजनों की पतारसी के उद्देश्य से उसे "अपना घर आश्रम, शिवपुरी" भेजा गया, जहाँ विशेषज्ञों द्वारा महिला की काउंसलिंग की जाएगी एवं उसके परिजनों की तलाश के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएंगे। उक्त सराहनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरी० रवि प्रताप सिंह चौहान, उप निरीक्षक सत्येन्द्र कुशवाह, आरक्षक रानू रघुवंशी, आरक्षक रविन्द्र भारद्वाज, महिला आरक्षक शैली पाराशर तथा महिला आरक्षक रूपाली रघुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर श्री राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अशोकनगर पुलिस द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए सार्थक प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। अशोकनगर पुलिस द्वारा की गई यह कार्यवाही न केवल कानून व्यवस्था के दायित्वों का निर्वहन है, बल्कि मानवीय संवेदनशीलता, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं महिला सुरक्षा के प्रति पुलिस की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी /कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया है।

# कलेक्टर ने एसडीएम कोर्ट पेटलावद एवं मेघनगर का किया निरीक्षण

### राजस्व प्रकरणों के समयबद्ध एवं पारदर्शी निराकरण के दिए निर्देश

**झाबुआ** कलेक्टर नेहा मीना ने गुरुवार को एसडीएम कोर्ट पेटलावद एवं शुक्रवार को एसडीएम कोर्ट मेघनगर का निरीक्षण कर न्यायालयों में प्रचलित विभिन्न राजस्व प्रकरणों की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने न्यायालयों में लंबित एवं निराकृत प्रकरणों की गहन समीक्षा करते हुए उनकी वर्तमान स्थिति का अवलोकन किया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को आवश्यक कार्यवाही हेतु भू-अभिलेख शाखा को समय पर प्रेषित किया जाए। इसके साथ ही फौजदारी प्रकरणों में सूचना पत्र तामिली की प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने के लिए संबंधित थानों से समन्वय स्थापित कर तामिली सुनिश्चित किए



जाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज सीमांकन, बंटवारा एवं नामांतरण से संबंधित लंबित राजस्व प्रकरणों की भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी राजस्व प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

### कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया

**सभी अधीनस्थ राजस्व न्यायालयों के रोस्टर तैयार किए जाएं तथा उनके नियमित निरीक्षण किए जाएं, जिससे न्यायिक कार्य प्रणाली अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बन सके। कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में, त्वरित, समयबद्ध एवं पारदर्शी निराकरण पर विशेष बल दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन से जुड़े प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में किया जाए, ताकि नागरिकों को अनावश्यक विलंब एवं असुविधा का सामना न करना पड़े।**

## इंदौरः श्री 1008 वट वृक्ष वीर हनुमान मंदिर में विशाल भंडारे का भव्य आयोजन संपन्न



**सह संपादक -दीपक वाड़ेकर**

**स्थानीय क्षेत्र के आध्यात्मिक केंद्र श्री 1008 वट वृक्ष वीर हनुमान मंदिर (अरंडिया, पनोड़, बाल्या खेड़ा) में आज, 2 जनवरी 2026 को विशाल भंडारे का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।**

**शुक्रवार को आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम की शुरुआत शाम 4 बजे से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत की। मंदिर परिसर में 'जय श्री राम' और 'जय बजरंग' के नारों के साथ वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।**

### मुख्य आकर्षणः

**महाप्रसादः** शाम से ही प्रभु इच्छा तक भक्तों के लिए महाप्रसाद का वितरण चलता रहा।

**स्थानः** यह आयोजन डी एल एफ Serenity सिल्वर पार्क के पास स्थित हनुमान धाम परिसर में किया गया।

**भक्ति भावः** हनुमान जी के दर्शन के साथ-साथ श्रद्धालुओं ने भंडारे में सेवा भाव के साथ सहभागिता की। आयोजकों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी भक्तों और सेवादारों का आभार व्यक्त किया है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, ऐसे आयोजनों से क्षेत्र में सकारात्मकता और सामुदायिक एकता को बढ़ावा मिलता है।

# अंबेडकर की तस्वीर जलाने के मामले में बसपा का जन-आंदोलन, हजारों कार्यकर्ता सड़कों पर

### एनएसए की कार्यवाही को लेकर कलेक्ट्रेट में दिया आवेदन



**दिव्यानंद अर्गल**

ग्वालियर :- संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर जलाने की घटना को लेकर बहुजन समाज पार्टी ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। इस मामले में आरोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कार्रवाई की मांग को लेकर शनिवार को बसपा कार्यकर्ता हजारों की संख्या में सड़कों पर उतरे। बसपा कार्यकर्ताओं ने शहर में करीब 5 किलोमीटर लंबा पैदल मार्च निकालते हुए जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर ग्वालियर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अनिल मिश्रा, गौरव व्यास सहित पांच अन्य आरोपियों पर एनएसए के तहत सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। बसपा नेताओं और कार्यकर्ताओं का कहना है कि बाबा साहेब अंबेडकर की तस्वीर जलाना केवल एक व्यक्ति विशेष का अपमान नहीं, बल्कि संविधान और सामाजिक न्याय पर सीधा हमला है। इस तरह की घटनाएं समाज में तनाव फैलाने का कार्य करती हैं, जिन्हें किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को चेतावनी दी गई है कि यदि जल्द ही एनएसए के तहत कठोर कार्रवाई नहीं की गई, तो बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन मायावती के निर्देश पर उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। इस दौरान बड़ी संख्या में बसपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनज़र प्रशासन द्वारा पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित
संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )